## कबड्डी खिलाड़ी सुनील डबास को मारने की कोशिश

गुरुग्राम, (आरएनएस)। पद्म श्री पुरस्कृत सुनील डबास पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला किया, उनपर गाड़ी चढ़ाकर उन्हें कुचलने की कोशिश की, लेकिन डबास ने साहस के साथ मुश्किल से अपनी जान बचाई। मामले की सूचना गुरुग्राम पुलिस को दे दी गई है। इस घटना से सुनील सदमे में आ गई हैं और उन्हें अस्पताल भी जाना पड़ा। उन्होंने इस पूरी घटना की आपबीती बताई। 'मैं 20 मिनट तक सभी को फ़ोन करती रही, लेकिन कोई मेरी मदद को नहीं आया। लघु सचिवालय के पास ये घटना हुई है। अगर मैं एथलीट नहीं होती तो वे मुझे कुचल देते। 100 की स्पीड से मेरी तरफ गाड़ी दौड़ाई। डिवाइडर जम्प करके मैंने जान बचाई। उन्होंने धमकी भी दी थी कि इसे खत्म करो नहीं तो ये सुबह बखेड़ा खड़ा करेगी। कार से बचने के लिए मैंने एक बार पेड़ का सहारा लिया इसके बाद ही मैं बच पाई। मैंने एक पत्थर उठाकर मुकाबला करने की कोशिश की तो 3 और कार मौके पर आ गई। उनके साथ 15-20 बाउंसर थे। इसके बाद मैं पुलिस थाने पहुंची, मैं बाइक में बैठकर अस्पताल पहुंची, मुझे बहुत डर लग रहा था तो मैं तुरंत अस्पताल चली गई, वे लोग मेरी गाड़ी में घुस गुए थे और मुझे डराने लगे थे। मैंने देश के लिए खेला है और अब मेरे साथ ये हो रहा है। बेटियां डर रही हैं, आजकल उनके साथ जो हो रहा है वो गलत है।

## अखनूर में दिखे आतंकी, तलाशी अभियान जारी

जम्मू, (आरएनएस)। जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र अखनूर कस्बे में आतंकवादियों को देखे जाने के बाद सेना ने अपने शिविरों को जाने वाले रास्तों को पब्लिक ने सील कर दिया है, पुलिस ने पूरे कस्बे और जम्मू शहर में प्रवेश के तमाम नाकों पर चौकसी बढ़ा दी है, वाहनों की गहन जांच के बाद ही छोड़ा जा रहा है। जम्मू के अखनूर में तीन संदिग्ध देखे जाने के बाद पूरे क्षेत्र को घेरे में लेकर तलाशी अभियान चलाया है। वहीं प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट कर दिया है। जम्मू में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सेना को बीती रात आर्मी यूनिट के पास ही तीन संदिग्ध दिखे। इनमें से एक सेना की यूनीफार्म और दो सिविल में थे। यह वह जगह थी, जहां से पुलिस थाना, पांडव गुफा को रास्ता जाता है। इसके बाद सेना ने तुरंत हरकत में आते हुए पूरे क्षेत्र को रात में ही घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान सेना को एक आईईडी, भारत का नक्शा और बैग मिला। सेना ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट कर दिया है। हर नाके पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। वहीं जम्मू में भी भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नाकों को अलर्ट कर दिया गया है।

## पीएम मोदी को मिली क्लीन चिट बरकरार

अहमदाबाद, (आरएनएस)। गुजरात उच्च न्यायालय ने वर्ष 2002 में हुए दंगों के आरोप में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य को विशेष जांच दल द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को बरकरार रखने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली जकिया जाफरी की अपील आज खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सोनिया गोकानी के सामने इस याचिका पर सुनवाई इस साल 3 जुलाई को पूरी हुई थी। जकिया और तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ आपराधिक पुनर्विचार याचिका दायर की थी।

## होटल टेंडर घोटाला: सीबीआई मुख्यालय में लालू से पूछताछ

नई दिल्ली, (आरएनएस)। रेलवे होटल टेंडर मामले में पूछताछ के लिए आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव सीबीआई के मुख्यालय पहुंचे हैं। उनसे पूछताछ चल रही है। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी को पहले कई बार समन भेजा था लोकिन दोनों ही नेताओं ने सीबीआई मुख्यालय में पेश होने में असमर्थता जताई थी। लालू यादव से आज पूछताछ की जा रही है जबकि इस मामले में तेजस्वी यादव से शुक्रवार को पूछताछ होगी। उनपर जुलाई के महीने में केस दर्ज हुआ था। मामला होटलों की नीलामी में हुए कथित घोटाले से जुड़ा है। इस मामले में उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। लालू यादव पर यह आरोप है कि उन्होंने संवैधानिक पद पर रहते हुए कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाया था। आरोप के मुताबिक रेल मंत्री के पद पर रहते हुए लालू ने बीएनआर रांची और बीएनआर पुरी की देखरेख का जिम्मा एक निजी होटल को सौंपा था। आरोपों के मुताबिक, लालू ने बदले में एक बेनामी कंपनी के जरिए तीन एकड़ की महंगी जमीन की दलाली ली थी। इस होटल का नाम सुजाता होटल है, जिसका मालिकाना हक विनय और विजय कोचर के पास है।

## छत्तीसगढ़ कैडर के रिटायर आईएएस राबर्ट हरंगडौला मिजोरम में गिरफ्तार

**0-प्रतिबंधित दवा की तस्करी मामले में की गई कार्रवाई**

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ कैडर के रिटायर आईएएस राबर्ट हरंगडौला को मिजोरम पुलिस द्वारा म्यांमार से प्रतिबंधित दवा की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट-1940 के तहत कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मिजोरम के हेल्थ एंड ड्रग विभाग ने इस चालू साल में 28 फरवरी को मिजोरम के निकट लेंगपुरी एयरपोर्ट के पास सिडोफेड्रिन नामक प्रतिबंधित दवा का जखीरा बरामद किया था। इस दवा के करीब 10 लाख टेबलेट बरामद किए गए थे। इस मामले की जांच में पता चला कि हरंगडौला दवा के तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने कल उन्हें गिरफ्तार करके मिजोरम के लोवर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्ञात हो कि हरंगडौला 1970 बैच के आईएएस थे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद वे मध्यप्रदेश से रायपुर आए थे। यहां वे सिकरेट्री होम, लेबर, ट्राईबल और रेवन्यू रहे। 28 फरवरी 2005 को वे एडिशनल चीफ सिकरेट्री के रुप में रिटायर हुए थे। मिजोरम में वे मुख्य सूचना आयुक्त भी रहे।

## अन्ना हजारे संघ के अघोषित कार्यकर्ता : करूणा शुक्ला

रायपुर, (आरएनएस)। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के छग प्रवास पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती करूणा शुक्ला ने कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता लेकर हजारे पर संघ का अघोषित कार्यकर्ता बनकर कार्य करने का आरोप लगाया है। श्रीमती शुक्ला ने प्रेस वार्ता में कहा कि अन्ना हजारे यूपीए सरकार के खिलाफ षड़यंत्र करते रहे है उनका शराब के मुद्दे पर मौन रहना सही नहीं है। हजारे की ईमानदारी पर संदेह जताते हुये श्रीमती शुक्ला ने कहा कि बाबा रामदेव संघ के कार्यकर्ता है। वे बाबा रामदेव के साथ मिलकर कांग्रेस के खिलाफ माहौल बना रहे है।

## एसडीएम का रीडर रिश्वत लेते गिरफ्तार

राजनांदगांव, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में पदस्थत एसडीएम आरबी देवांगन का रीडर आज सुबह रिश्वत लेते रायपुर से गई एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। एसीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अएसडीएम के खिलाफ भी रिश्वत मांगने की शिकायत आई थी। वह एक पुराने प्रकरण को निबटाने के लिए प्रार्थी मनीष ठाकुर से 10 हजार रुपए मांग रहा था। लेकिन आज उनका रीडर रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है। एसीबी ने यह भी बताया कि एसडीएम पकड़ने के लिए एसीबी ने आज जाल बिछाया प्रार्थी को 11 हजार रुपए लेकर एसडीएम के रीडर के पास भेजा गया रीडर ने उसमें से एक हजार रुपए निकालकर अपने पास रख लिया और, बाकी 10 हजार के लिए उसने कहा, साहब अंदर बैठे हैं, जाओ तुम ही दे आओ प्रार्थी एसडीएम को पैसे देने लगा तो उन्होंने कहा कि इसे ऐसे मत दो, लिफाफे में दोप्रार्थी ने उसे लिफाफे में दिया तो उन्होंने उसे रख लिया। ये सारी बातें टेप में रिकार्ड हो गई है। प्रार्थी के इशारे पर जब एसीबी टीम एसडीएम को पकड़ने के लिए आगे की कार्रवाई करने अंदर गई तो एसडीएम ने बवाल खड़ा कर दिया। एसीसी उन्हें परेशान कर रही का आरोप लगाते हुए उसने मीडिया को भी बुला लिया।

## स्मार्ट कार्डधारक को अब 50 हजार तक इलाज कराने की मिलेगी सुविधा

जशपुरनगर, (आरएनएस)। राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत अभी तक स्मार्ट कार्डधारक परिवार को वर्ष में अधिकतम 30 हजार रुपए तक इलाज की सुविधा थी, जिसे 1 अक्टूबर 2017 से बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। 1 अक्टूबर 2017 से स्मार्ट कार्डधारक परिवार को एक वर्ष में 50 हजार रुपए तक का लाभ प्राप्त होगा। योजना से पंजीकृत चिकित्सालयों को बीमारी के लिए पूर्व से निर्धारित पैकेज के माध्यम से नियमानुसार चिकित्सकीय सुविधा प्रदान किया जाना है। स्मार्ट कार्ड को नवीनीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। जिले में वर्ष 2013 एवं उसके बाद बनाए गए सभी स्मार्ट कार्ड 01 अक्टूबर 2017 से स्वतः नवीनीकृत हो जाएगा। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 104 से संपर्क कर सकते है।

## मुआवजा की फर्जी रिपोर्ट बनायी, तहसीलदार और वेटनरी डॉक्टर निलंबित

जगदलपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने दो अधिकारियों को फर्जी रिपोर्ट बनाने के दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीजापुर तहसीलदार डीडी महंत को राजस्व पुस्तिका परिपत्र 6-4 के तहत मृत गायों और मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा का फर्जी प्रकरण तैयार करने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

CAREER SCHOOL

Topper Students





Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::




Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)

सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)

सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931